# जैनागम-निर्देशिका

[ पेंतालीस जैनागमों की विषय-निर्देशिका ]

सम्पादक

मुनि कन्हैयालाल 'कमल'

## उपाध्याय कविरत्न श्री अमरचन्दजी महाराज का अभिमत

जैनागम-निर्देशिका—पैंतालीस जैनागमों की विशद विषय-सूचिका। अपनी भूमिका का सुन्दर एवं उपादेय ग्रन्थ। इस प्रकार के ग्रन्थ की चिरकाल से अपेक्षा की जा रही थी और इसके लिए दो चार छुट-पुट प्रयत्न भी हुए, परन्तु मुनि श्री 'कमल' जी का प्रयास सर्वोपरि शिरसि शेखरायमाण है।

विषय-निर्देशन काफी बौद्धिक सूक्ष्मता एवं आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति से किया गया है। संशोधक विद्वानों के लिए तो यह अल्प प्रयास से ही बहुत कुछ पा लेने जैसा है। आगम साहित्य में साध्वाचार, श्रावकाचार, अध्यात्म, दर्शन, इतिहास, आदि की अनेकविध विस्तृत चर्चाएं हैं। तत्काल किसी विषय के संबंध में जानकारी प्राप्त करना हो तो आगम-सागर में गहरी डुबकी लगाए बिना, समय और श्रम का विपुल उपयोग किये बिना, कुछ अता-पता पा लेना शक्य नहीं है। परन्तु प्रस्तुत पुस्तक इस कठिनाई का सरलतम समाधान है, भावुकता नहीं, विवेक के प्रकाश में मुनि श्री जी इसके लिए सविशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

संपादन के समान ही पुस्तक की छपाईमें सफाई आदि का बाह्य परिष्कार भी अद्यतन एवं नयनाभिराम है।

—उपाध्याय अमर मुनि, आगरा

Jain Education International www.jainelibrary.org

णमो सिद्धाणं

# जैनागम-निर्देशिका

[ पैंतालीस जैनागमों का विषय-निर्देशन ]

सम्पादक

मुनि कन्हैयालाल 'कमल'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक—

आगम अनुयोग प्रकाशन

पोस्ट बॉक्स ११४१

दिल्ली–७

प्रथमावृत्ति

वीर संवत् २४९२

विक्रम संवत् २०२३

ईस्वी सन् १९६६

मूल्य २५ रु०

मुद्रक—

उद्योगशाला प्रेस,

किंग्सवे दिल्ली–९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

# समर्पण

जैनागमों के

अध्ययन में

अभिरुचि रखनेवाले

जिज्ञासु जनों को

—मुनि कमल

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

# विज्ञप्ति

पूर्व प्रकाशित सूचना के अनुसार **अनुयोग शब्द-सूची** इसी पुस्तक में देने की योजना थी किन्तु पृष्ठ संख्या अधिक हो जाने से '**अनुयोग शब्द-सूची**' एवं कतिपय परिशिष्ट पृथक् पुस्तिका के रूप में प्रकाशित करने की योजना है। यह पुस्तिका केवल **जैनागम-निर्देशिका** के ग्राहकों को ही देने का नियम है, अतः अन्य सज्जन केवल इस पुस्तिका के लिए आवेदन पत्र न भेजें।

**आगम अनुयोग**–ग्रन्थराज का प्रकाशन कार्य चल रहा है, निकट भविष्य में इसका प्रथम विभाग **चरणानुयोग** स्वाध्याय के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

श्री शान्तिभाई वनमाली शेठ के उदारता पूर्ण सहयोग से यह विशालकाय पुस्तक इस रूप में इतने अल्प समय में आपके करकमलों में पहुँचासके हैं, इसकेलिए हम उनके चिरकृतज्ञ हैं।

**—मंत्री**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

# जैनागम-निर्देशिका

## आगम-सूची


| ११ अंग आगम | पृ० संख्या |
|---|---|
| १. आचारांग | १ |
| २. सूत्रकृतांग | ६३ |
| ३. स्थानांग | ६७ |
| ४. समवायांग | २०१ |
| ५. भगवतीसूत्र | २६१ |
| ६. ज्ञाताधर्मकथा | ४३१ |
| ७. उपासकदशा | ४६७ |
| ८. अन्तकृद्दशा | ४८३ |
| ९. अनुरोत्तपपातिकदशा | ४९७ |
| १०. प्रश्नव्याकरण | ५०३ |
| ११. विपाक | ५१३ |
| **१२ उपांग आगम** | |
| १२. औपपातिक | ५२७ |
| १३. राजप्रश्नीय | ५४५ |
| १४. जीवाभिगम | ५६५ |
| १५. प्रज्ञापना | ६२३ |
| १६. जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति | ६७३ |
| १७. चन्द्रप्रज्ञप्ति. | ७२९ |
| १८. सूर्यप्रज्ञप्ति | ७२९ |
| १९-२३ निरयावलिकादि | ७४५ |
| **४ मूल आगम** | |
| २४. दशवैकालिक | ७५७ |
| २५. उत्तराध्ययन | ७९७ |
| २६. नन्दीसूत्र | ८३२ |
| २७. अनुयोगद्वार | ८३१ |
| **४ छेद आगम** | |
| २८. बृहत्कल्प | ८४५ |
| २९. जीतकल्प | ८५७ |
| ३०. व्यवहार | ८५९ |
| ३१. दशाश्रुतस्कंध | ८७३ |
| ३२. निशीथ | ८७७ |
| ३३. आवश्यक | ७९३ |
| ३४. कल्पसूत्र | ८९९ |
| **१० प्रकीर्णक** | |
| ३५. चतुश्शरण प्रकीर्णक | ९१९ |
| ३६. आतुर-प्रत्याख्यान | ९१९ |
| ३७. महाप्रत्याख्यान | ९२१ |
| ३८. भक्तपरिज्ञा | ९२४ |
| ३९. तन्दुलवैचारिक | ९२७ |
| ४०. संस्तारक | ९३० |
| ४१. गच्छाचार | ९३१ |
| ४२. गणिविद्या | ९३३ |
| ४३. देवेन्द्रस्तव | ९३५ |
| ४४. मरणसमाधि | ९३८ |
| **१ निर्युक्ति आगम** | |
| ४५. पिण्ड-निर्युक्ति | ९४१ |


Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

# विषय-निर्देशन में प्रयुक्त आगमों की प्रतियां

| | |
|---|---|
| १ आचारांग— | आगमोदय समिति सूरत |
| २ सूत्रकृतांग | जैनाचार्य श्री जवाहरलाल जी म० के तत्त्वावधान में सम्पादित |
| ३ स्थानांग | मुनि श्री वल्लभविजयजी सम्पादित |
| ४ समवायांग | जैनधर्म प्रसारक सभा, भावनगर |
| ५ भगवती सूत्र | पं० बेचरदास जी दोशी सम्पादित |
| ६ ज्ञाताधर्म कथा | आगमोदय समिति, सूरत |
| ७ उपासक दशा | ,, ,, |
| ८ अन्तकृद्दशा | ,, ,, |
| ९ अनुत्तरोपपातिक | ,, ,, |
| १० प्रश्नव्याकरण | ,, ,, |
| ११ विपाक | ,, ,, |
| १२ औपपातिक | ,, ,, |
| १३ राजप्रश्नीय | ,, ,, |
| १४ जीवाभिगम | ,, ,, |
| १५ प्रज्ञापना | पं० भगवानदास हर्षचन्द्र सम्पादित |
| १६ जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति | आगमोदय समिति, सूरत |
| १७ चन्द्रप्रज्ञप्ति—सूर्यप्रज्ञप्ति | ,, ,, |
| १८ निरयावलिकादि | ,, ,, |
| १९ दशवैकालिक | जैनाचार्य श्री आत्माराम जी म० सम्पादित |
| २० उत्तराध्ययन | ,, ,, |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | |
|---|---|
| २१ नन्दीसूत्र | पूज्य श्री हस्तिमल जी म० संशोधित |
| २२ अनुयोग द्वार | जैनाचार्य श्री आत्माराम जी म० संपादित |
| २३ व्यवहार सूत्र | पूज्य श्री अमोलख ऋषि जी म० |
| २४ बृहत्कल्प सूत्र | डा० जीवराज घेलाभाई दोशी सम्पादित |
| २५ दशा श्रुतस्कंध | जैनाचार्य श्री आत्माराम जी म० सम्पादित |
| २६ निशीथ | मुनि श्री जिनविजय जी सम्पादित |
| २७ जीतकल्प | मुनि श्री पुण्यविजय जी म० सम्पादित |
| २८ दस प्रकीर्णक | आगमोदय समिति, सूरत |
| २९ पिण्डनिर्युक्ति | गणिवर्य श्री हंससागर जी म० सम्पादित |
| ३० प्रवचन किरणावली | आचार्य विजयपद्म जी म० लिखित |
| ३१ अभिधान राजेन्द्र कोश | |
| ३२ अर्धमागधी कोश | |
| ३३ पाइयसद्द महण्णव | |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

# प्रवचन-प्रभावना

## अमूल्य आगम-निधि की सुरक्षा

वीर-निर्वाण के पश्चात् एक हजार वर्ष की अवधि में एक-एक युग लम्बे तीन दुर्भिक्ष आये और गये। इन दुर्भिक्षों में निर्ग्रन्थ श्रमणों से आगम-वाचना, पृच्छना-परिवर्तना और अनुप्रेक्षा न हो सकी। इसलिए क्रमशः प्रत्येक दुर्भिक्ष के अन्त में पाटलीपुत्र, मथुरा और वलभी में भ० भद्रबाहु स्कंदिलाचार्य और आचार्य नागार्जुन की अध्यक्षता में आगमों की सुरक्षा के लिए श्रमण संघ ने वाचनाओं का आयोजन किया।[1] यहाँ तक श्रुतपरम्परा प्रचलित रही।[2]

वीर-निर्वाण के ९८० वर्ष पश्चात् वलभी में देवर्धि गणि क्षमा श्रमण की अध्यक्षता में श्रमण-संघ ने आगमों को लिपिबद्ध किया।[3] लिखना और पुस्तक रखना निर्ग्रन्थ श्रमण के लिए यद्यपि सर्वथा निषिद्ध था, किन्तु देवर्धिगणि ने जब स्मृति-दौर्बल्य का स्वयं अनुभव किया तो आगमों की सुरक्षा के लिए संघ के समक्ष पुस्तक लेखन के अपवाद का नव विधान किया। आगमों के लिपिबद्ध होने के पश्चात् १४०० वर्ष की अवधि में दुष्काल के कुचक्र ने जैन संघ से अनेक आगम छीन

---

१ (क) पाटलीपुत्र वाचना वीर निर्वाण के १६० वर्ष पश्चात्

(ख) माथुरी वाचना वीर निर्वाण के ८२७ वर्ष पश्चात्

(ग) वालभी वाचना माथुरी वाचना के समकाल हुई है।

२ कुछ विद्वानों का मत है कि—माथुरी और वालभी वाचनाओं में आगम लिपिबद्ध हो गये थे।

३ वीर निर्वाण के ९९३ वर्ष पश्चात् वलभी में देवर्धि गणि ने आगम और प्रकीर्णक लिपिबद्ध करवाए। यह भी एक मान्यता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लिए। आचारांग का सातवां महापरिज्ञा अध्ययन और दसवाँ प्रश्न-व्याकरण अंग पूर्ण[१] टीकाकारों के युग में भी उपलब्ध नहीं थे। आगमों के लेखनकाल में संकलित नन्दीसूत्र में जिन कालिक और उत्कालिक सूत्रों की एक लम्बी सूची अंकित है, उनमें से अनेक आगम वर्तमान में अनुपलब्ध हैं।[२] ये आगम कब और कैसे अदृष्ट हुए, इस सम्बन्ध में पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने का साधन हमारे पास नहीं है।

प्राकृतिक विपदाओं से जिन-वाणी की सुरक्षा का उत्तरदायित्व-अधिष्ठायक देव-देवियों का है। किन्तु ह्रास-काल के प्रभाव से कहिए या हमारे दुर्भाग्य से कहिए वे भी आगम-सुरक्षा से सर्वथा उदासीन रहे। फिर भी जेसलमेर पाटण आदि के विशाल ज्ञान भण्डार में प्रचुर अमूल्य आगम-निधि सुरक्षित है। जिनवाणी प्रेमी जिज्ञासु जन उनके संस्थापकों एवं संरक्षकों के सदैव आभारी रहेंगे।

## स्वाध्याय-साधना

आगम-निधि की सुरक्षा के लिए स्वाध्याय की प्रवृत्ति बढ़ाना अत्यावश्यक है और इसके लिए एक व्यापक कार्यक्रम की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सर्वसाधारण के लिए जैनागमों का महत्व समझाना तथा जन साधारण को जैनागमों के स्वाध्याय के लिए प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम के तीन प्रमुख अंग हैं :

१ चतुर्विध संघ में जैनागमों के स्वाध्याय की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना।

२ जैनागमों का वैज्ञानिक पद्धति से लोकप्रिय प्रकाशन।

---

१ स्थानांग में वर्णित प्रश्नव्याकरण के स्वरूप से उपलब्ध प्रश्नव्याकरण का स्वरूप सर्वथा भिन्न है।

२ बन्ध दशा, द्विगृद्धि दशा आदि अनेक प्रकीर्णक ग्रन्थ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३ विश्व की प्रमुख भाषाओं में जैनागमों का प्रकाशन।
और
४ विश्व के शोध संस्थानों को जैन आगमों का उपहार।

## स्वाध्याय की प्रवृत्ति बढ़ाना

(क) प्रत्येक धर्म स्थान में एक आगम पुस्तकालय स्थापित कराना। वह धर्म-स्थान मन्दिर हो या उपाश्रय, स्थानक हो या पौषध शाला। प्रत्येक क्षेत्र के स्थानीय संघ को आगम-स्वाध्याय के लिए उत्साहित करना। स्वाध्याय मण्डल की स्थापना करना। वर्षभर में समस्त आगमों का पारायण करनेवाले स्वाध्यायशील श्रमणोपासक को अ० भा० जैन संघ द्वारा सम्मानित या पुरस्कृत किया जाना।

(ख) धर्मकथा करनेवाले श्रमणवर्ग या श्रमणोपासक वर्ग को जैनागमों का विशाल ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रबल प्रेरणा दी जाय। आगम ज्ञान की अभिवृद्धि के लिए वे स्वयं उत्सुक बने, ऐसा वातावरण बनाया जाय। प्रत्येक धर्म-कथक के लिए प्रति वर्ष किसी एक आगमिक विषय पर शोध निबन्ध लिखना अनिवार्य कर दिया जाय। जो धर्म कथक सर्वश्रेष्ठ महत्त्वपूर्ण निबन्ध लिखे उसे अ० भा० जैन संघ द्वारा सम्मानित किया जाय।

(ग) आगम-पारायण का एक वार्षिक कार्यक्रम बनाया जाय और पारायण के माहात्म्य का इतना अधिक व्यापक विचार किया जाय कि— सर्वत्र वार्षिक पारायण प्रारम्भ हो जाय।

## जैनागमों के लोकप्रिय प्रकाशन

आगम प्रकाशन का कार्य वैज्ञानिक पद्धति से होना आवश्यक है।

१ वृद्धों व अल्प-पठित स्वाध्याय प्रेमियों को बड़े सुवाच्य अक्षरों में प्रकाशित आगम प्रतियाँ प्रिय होती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२ युवा व अल्पवयस्क स्वाध्यायशील व्यक्तियों को सूक्ष्माक्षरों में लघुकाय संस्करण रुचिकर होते हैं।

३ विद्वद्वर्ग के लिए प्रौढ़ साहित्यिक सुललित सरस भाषा में आगमों का अनुवाद प्रभावोत्पादक होता है।

४ अल्प-पठित पुरुष एवं महिलाओं के लिए सरल भाषा में आगमों का अनुवाद अधिक रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक होता है।

इस प्रकार आगमों को लोकप्रिय बनाने के लिए विविध प्रकार के संस्करणों का प्रकाशन आवश्यक है।

## विश्व के विद्यालयों को जैनागमों का उपहार

विश्व को साहित्यिक भाषाओं में अनुवाद एवं मुद्रित जैनागमों का अति शुद्ध संस्करण विश्व के विश्वविद्यालयों में पहुँचाना तथा आगमिक विषयों पर शोध निबन्ध लिखने वाले जैन जैनेतर बन्धुओं को समान भाव से सम्मानित करना या पुरस्कृत करना। इस प्रकार भारतीय जैन संघ प्रवचन की प्रभावना करके अमूल्य आगम-निधि की सुरक्षा करने में समर्थ हो सकेगा।

## जैनागम-निर्देशिका में पैंतालीस आगमों का विषय निर्देशन

उपलब्ध पैंतालीस आगमों का जैनागम-निर्देशिका में उपयोग किया है, बत्तीस आगमों के अतिरिक्त तेरह आगमों में स्थानकवासी परम्परा से मौलिक मतभेद रखनेवाला कोई संदर्भ नहीं है। यह निर्णय जैनागम-निर्देशिका के आद्योपान्त अध्ययन से पाठक स्वयं कर सकेंगे।

## जैनागमों की रचना शैली

जैनागमों की रचनाशैली चार प्रकार की है–

१ संवादात्मक शैली–

एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से प्रश्न करता है और वह उसका उत्तर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देता है। यथा– भगवान महावीर और गौतम का संवाद। केशी गौतम का संवाद। राजा प्रदेशी और केशी मुनि का संवाद। राजा श्रेणिक और अनाथी निर्ग्रंथ का संवाद आदि।

२ वर्णनात्मक शैली–

किसी श्रमण या श्रमणी तथा श्रमणोपासक या श्रमणोपासिका के जीवन का वर्णन। यथा–दस उपासकों का तथा अन्तकृत आत्माओं का वर्णन अथवा ऐसे अन्य सभी वर्णन।

३ उपदेशात्मक शैली–

साधक या साधिका को किसी प्रकार का उपदेश देना। यथा–

जरा जाव न पीडेइ, वाही जाव न वड्ढइ।
जाविंदिया न हायंति, ताव धम्मं समायरे॥

४ विधि-निषेधात्मक शैली–

साधक के लिए किसी प्रकार का विधान या निषेध करना। यथा–

कप्पइ निग्गंथाणं आउंचण-पट्टगं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।
नो कप्पइ
निग्गंथीणं आउंचण-पट्टगं धारेत्तए वा, परिहरित्तए वा।

जैनागमों के प्रमुख विषय–

१ आचार-सम्बन्धी विधि-निषेध।
२ आचार-सम्बन्धी उपदेश।
३ आचार-सम्बन्धी औत्सर्गिक और आपवादिक नियमों का विधान।
४ प्रायश्चित्त विधान।
५ भूगोल-खगोल वर्णन।
६ तत्त्व-निरूपण।
७ जैनधर्मानुयायी साधकों के जीवन।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८ कतिपय रूपक ।

९ शुभाशुभ कर्मफलों का वर्णन ।

## विषय निर्देशन में बाधाएँ

१. सर्व प्रथम आचारांग के प्रथम श्रुतस्कन्ध की समस्या सामने आई। यह समस्या थी सूत्र संख्या की—

मेरे सामने आचारांग की इतनी प्रतियाँ हैं :—

क- जर्मन डा० शुब्रिंग सम्पादित प्रति, देवनागरी लिपि संस्करण ।

ख- प्रो० रवजी भाई देवराज सम्पादित, द्वितीय संस्करण ।

ग- आगमोदय समिति, सूरत ।

घ- आचार्य श्री आत्माराम जी महाराज सम्पादित ।

इन सब प्रतियों में प्रथम श्रुतस्कन्ध के सूत्रों की संख्या भिन्न-भिन्न है, अतः प्रत्येक सूत्र का आदि और अन्त समान नहीं है। किस प्रति के सूत्रांक सही हैं—यह निर्णय करना सामान्यतया कठिन है। जैनागम-निर्देशिका में प्रथम श्रुतस्कन्ध की सूत्र संख्या में एकरूपता नहीं है। अर्थात्—एक किसी प्रति के आधार सूत्र संख्या नहीं दी है। एक सूत्रान्तर्गत भिन्न-भिन्न विषयों का निर्देशन वर्णमाला द्वारा किया है।

२. सूत्रकृतांग, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन आदि में अनेक औपदेशिक गाथाएं ऐसी हैं जिनमें एक से अधिक विषय हैं, उन सब विषयों का निर्देशन वर्णमाला द्वारा किया गया है।

जिस अध्ययन का आद्योपान्त एक ही विषय है उसका मैंने भी एक ही विषय दिया है। यथा—सूत्रकृतांग अ० ४, ५, ६ का विषय। मुख्य विषय का शीर्षक १२ प्वाइंट मोनो ब्लैक में दिया है और उसके अन्तर्गत विषय १२ प्वाइंट ह्वाइट में दिये हैं। यह क्रम जैनागम-निर्देशिका में सर्वत्र है।

३. स्थानांग के सूत्रांक आगमोदय समिति सूरत की प्रति के अनुसार दिये हैं। इन सूत्रों में अनेक सूत्र ऐसे हैं जिनके अंतर्गत अनेक सूत्र हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टीकाकार भ यत्र-तत्र इन सूत्रों की संख्या का निर्देश स्वयं करते हैं। टीकाकार सम्मत सूत्र-संख्या सम्पूर्ण स्थानांग की जानने के लिए बहुत बड़े उपक्रम की आवश्यकता थी, किन्तु मैं ऐसा न कर सका। फिर भी विषय निर्देशन में बहुत सावधानी बरती है। जहाँ तक हो सका है किसी विषय को छोड़ा नहीं है।

४. समवायांग के सूत्रांक 'जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर' से प्रकाशित प्रति के दिये हैं। इस प्रति में प्रत्येक समवाय के सूत्रांक क्रमशः दिये हैं। किन्तु टीकाकार प्रत्येक समवाय में कई सूत्र मानते हैं। जैनागम-निर्देशिका में प्रत्येक सूत्र का विषय निर्देशन किया है।

५. भगवती सूत्र की एकमात्र प्रति पं० बेचरदास जी सम्पादित मेरे सामने है। अब तक प्रकाशित भगवती सूत्र की प्रतियों में सर्वशुद्ध यही संस्करण है। इसके प्रथम भाग में दो शतक हैं, प्रथम शतक की प्रश्नोत्तर संख्या ३२६ है और द्वितीय शतक की प्रश्नोत्तर संख्या ७६ है। तृतीय शतक से प्रत्येक उद्देशक की प्रश्नोत्तर संख्या दी गई है। इसलिए एकरूपता नहीं है। वर्णनात्मक सूत्रों के सूत्रांक और प्रश्नोत्तरांक भिन्न-भिन्न नहीं दिए हैं अतः यह पता नहीं चलता कि वास्तव में इस उद्देशक में प्रश्नोत्तर कितने हैं और सूत्र कितने हैं। इस प्रति में जहाँ-जाव-एवं-जहा आदि से संक्षिप्त पाठ दिए हैं उनमें प्रश्नांक या सूत्रांक कितने होते हैं। यह अंकित नहीं है इसलिए प्रश्नोत्तरों की निश्चित संख्या जानना सरल नहीं है।

विषय निर्देशन में मैंने इसी प्रति का उपयोग किया है किन्तु प्रश्नोत्तरांकों की एकरूपता नहीं रह सकी।

६. विषय-निर्देशन के लिए जिन प्रतियों का उपयोग किया है उनकी सूची अन्यत्र दी है। अनुवाद एवं टीका के शुद्ध संस्करण आगमों के अब तक अप्राप्य हैं। यही एक बहुत बड़ी कठिनाई विषय-निर्देशन में रही है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

**चोरासी आगम–**

आगमों की संख्या के सम्बन्ध में तीन प्रमुख मान्यताभेद हैं :—

१. ८४ आगम

२. ४५ आगम

३. ३२ आगम २९ उत्कालिक, ३० कालिक, १२ अंग—७१.

७२ आवश्यक[1]

७३ अंतकृद्दशा "अन्य वाचना का"

७४ प्रश्नव्याकरण ,,

७५ अनुत्तरोपपातिक दशा ,,

७६ बन्ध दशा

७७ द्विगृद्धि दशा

७८ दीर्घ दशा[2]

७९ स्वप्न भावना

८० चारण भावना

८१ तेजोनिसर्ग

८२ आशिविष भावना

८३ दृष्टिविष भावना[3]

८४ कल्याण फल विपाक के ५५ अध्ययन
पाप फल विपाक के ५५ अध्ययन[4]

---

१ ये ७२ नाम नन्दी सूत्र में उपलब्ध हैं।

२ ये ६ नाम स्थानांग सूत्र में है ।

३ ये ५ नाम व्यवहार सूत्र में है।

४ यह पचपनवें समवाय में है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पैंतालीस आगम–

१० प्रकीर्णक

११ अंग

१२ उपांग

६ छेद सूत्र–१. व्यवहार । २. बृहत्कल्प । ३. जीतकल्प ४. निशीथ । ५. महानिशीथ । ६. दशा श्रुतस्कन्ध ।

६ मूल सूत्र–१. दशवैकालिक । २. उत्तराध्ययन । ३. नन्दीसूत्र । ४. अनुयोग द्वार । ५. आवश्यक निर्युक्ति । ६. पिण्ड-निर्युक्ति ।

४५

बत्तीस आगम–

११ अंग

१२ उपांग

४ मूल सूत्र–१. दशवैकालिक । २. उत्तराध्ययन । ३. नन्दीसूत्र । ४. अनुयोग द्वार ।

४ छेद सूत्र–१. व्यवहार । २. बृहत्कल्प । ३. निशीथ । ४. दशा श्रुतस्कंध ।

३१

३२ वां आवश्यक

## जैनागम निर्देशिका के प्रकाशन की पृष्ठभूमि

विश्व के भाषा-साहित्य में प्राकृत भाषा का महत्वपूर्ण स्थान है, प्राकृत भाषा साहित्य के प्रकाशन की स्थिति ऐसी नहीं है और जैनागमों के प्रकाशन की स्थिति देखकर तो मन में ऐसा लगता है कि समाज का साक्षर एवं सम्पन्न वर्ग प्रवचन प्रभावना के प्रमुख अंग आगम साहित्य को प्रमुख न मानने की भयंकर भूल कर रहा है, क्योंकि भगवान महावीर की विश्वकल्याणकारिणी वाणी का प्रचार व प्रसार जैनागमों के विश्व-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यापी प्रचार व प्रसार से ही सम्भव है ।

क- जर्मन आदि विदेशों के प्रमुख विश्वविद्यलायों में प्राकृत भाषाओं का अध्ययन हो रहा है ।

ख- भारत के कतिपय विश्वविद्यालयों में प्राकृत भाषाओं का अध्ययन हो रहा है ।

ग- अनेक भारतीय विद्वान् जैनागमों के अध्ययन के लिए उत्सुक हैं ।

घ- अनेक भारतीय छात्र जैनागमों के अभिलषित विषयों पर शोध निबन्ध लिखना चाहते हैं । किन्तु जैनागमों का प्राथमिक परिचय प्राप्त करने के लिए कोई पुस्तक सुलभ नहीं है ।

बहुत वर्षों पहले गुजराती भाषा में "प्रवचन किरणावली" नाम की एक पुस्तक प्रकाशित हुई थी, उसका संकलन प्राचीन पद्धति से हुआ था, प्रत्येक गाथा या सूत्र का विषय क्या है, यह उसमें नहीं दिखाया गया है अतः हिन्दी भाषा-भाषी जनता के हित के लिए "जैनागम-निर्देशिका" के संकलन का आयोजन किया गया है ।

## अल्प धारणा-शक्ति या अल्प आगम-भक्ति

ह्रास-काल (अवसर्पिणी-काल) के प्रभाव से मानव की धारणा-शक्ति का उत्तरोत्तर ह्रास होने लगा अतः जैनागमों का लेखन प्रारम्भ हुआ और इस मुद्रण-कला के युग में जैनागमों का मुद्रण हो रहा है । इस ऐतिहासिक घटनाचक्र में जैनागमों के लेखन का हेतु धारणा-शक्ति का अल्प होना बताया गया है, यह कहां तक संगत है, यह शोध का विषय है । अतीत में दुर्भिक्ष के कारण बहुत लम्बे समय तक श्रमण-श्रमणियां जैनागमों का पारायण न कर सके, इसलिए उनका आगम-ज्ञान लुप्त होने लगा था यह ऐतिहासिक सत्य है । किन्तु उस समय श्रुति की विस्मृति का कारण दुर्भिक्ष था—अल्प धारणा-शक्ति नहीं । यद्यपि काल का प्रभाव अनिवार्य है और स्मृति दौर्बल्य की घटना के पीछे भी कुछ तथ्य अवश्य हैं, फिर भी धारणा-शक्ति का ह्रास इतना नहीं हुआ है कि—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बिना पुस्तक के हम आगम-ज्ञान को सुस्थिर न रख सकें।

राजस्थानी भाषा के बृहत् काव्य बगड़ावत, तेजाजी आदि वर्तमान में भी राजस्थान के अनेक कृषकों को कण्ठस्थ हैं, वे उन काव्यों का यदा-कदा पारायण भी करते हैं, यद्यपि उन्हें अक्षर-ज्ञान नहीं है, फिर भी उनकी धारणा-शक्ति प्रबल है। इसी प्रकार राजस्थान की देवियाँ अपने सामाजिक गीतों को सदा कण्ठस्थ रखती हैं। वे सामाजिक प्रसंगों पर उनका पारायण करती रहती हैं। राजस्थानी भाषा के ये बृहत् काव्य और ये गीत अब तक लिपिबद्ध नहीं हुए हैं। कृषकों और स्त्रियों में अब तक भी श्रुत-परम्परा चल रही है। कृषकों और स्त्रियों से तो हमारे पूज्य संयमी श्रमण-श्रमणियों की धारणा-शक्ति निर्बल नहीं होनी चाहिए।

हमारे पूज्य श्रमण श्रमणियों में आज स्मरण-शक्ति का चमत्कार दिखानेवाले कई शतावधानी और कई सहस्रावधानी हैं। इसलिए अतीत के समान आज भी जैनागमों का ज्ञान कण्ठस्थ करने की शक्ति हमारे पूज्य श्रमण-श्रमणियों में विद्यमान है। यदि आगम-भक्ति अधिक हो तो अतीत के स्वर्ण युग की पुनरावृत्ति असम्भव नहीं है।

### पुस्तक रखना अपवाद मार्ग है

पुस्तक परिग्रह है एवं असंयम का हेतु है।[1] यह असंदिग्ध है। पर अनेक शताब्दियों से हमारे ऐसे संस्कार बन गए हैं कि—पुस्तक हमारे ज्ञान का साधन है। बिना पुस्तक के हम ज्ञानोपार्जन करने में असमर्थ हैं। इसलिए पुस्तक हमारी साधना का एक प्रमुख अंग बन गया है। अतीत में आचार्यों ने पुस्तक या लेखन अपवाद रूप में स्वीकार किया था वह अपवाद रूप आज प्रायः समाप्त हो गया है, यह उचित नहीं है। पुस्तक ज्ञान का साधन है और इस युग में बहुश्रुत होने के लिए पुस्तकों

---

१ पोत्थएसु घेप्पंतेसु असंजमो—दशवैकालिक-अगस्त्यचूर्णी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

का पठन-पाठन अनिवार्य है। यह मानने में भी किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है। फिर भी पुस्तक का विवेकपूर्ण सीमित उपयोग ही उचित है। श्रमणोपासक वर्ग इस सम्बन्ध में अपने उत्तरदायित्व को समझे और निभाए तो पुस्तक का अपवाद रूप में उपयोग आज भी सम्भव है।

## पुस्तक लेखन और मुद्रण का विरोध

जैनागम जब सर्व प्रथम लिखे गए उस समय लिखने का घोर विरोध हुआ था। विरोध करनेवाला संयमनिष्ठ सर्वश्रेष्ठ श्रमणवर्ग था। अतः आगम लेखन भी अपवाद रूप में ही स्वीकार किया गया और पुस्तक लेखन एवं पुस्तक के रखने के प्रायश्चित्त का नव विधान[1] हुआ। विरोध करनेवाले श्रमणवर्ग की लेखन के विरोध में दी हुई युक्तियाँ[2] अहिंसा की दृष्टि से सर्वोत्तम हैं। उनका जबाब न किसी के पास पहले था और न आज ही है। युग ने स्वर बदला और पुस्तक लिखने की महिमा[3]

---

१ एक अक्षर लिखने का, एक बार पुस्तक बांधने का तथा एक पुस्तक रखने का चार लघु प्रायश्चित्त का विधान है।

२ पुस्तक पंचक में दी हुई युक्तियाँ विचारणीय हैं—

(क) जाल में फंसा हुआ पशु या पक्षी

(ख) जाल में फंसी हुई मछली

(ग) घानी (तिल आदि पीलने का यन्त्र) में पड़ा हुआ तिल कीट

(घ) वधिकों से घिरा हुआ प्राणी

(ङ) दूध आदि तरल पदार्थों में पड़े हुए प्राणी

(च) तेल आदि स्निग्ध पदार्थों में पड़े हुए प्राणी

दैवयोग से बच जाते हैं किन्तु पुस्तक के बीच में दबा हुआ प्राणी किसी प्रकार बच नहीं सकता।

३ न ते नरा दुर्गतिमाप्नुवन्ति, न मूकतां नैव जडस्वभावम्।
न चान्धतां बुद्धिविहीनतां च, ये लेखयन्तीह जिनस्य वाक्यम्॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गाई गई। एक दिन जो असंयम का हेतु माना गया था। वही संयम[1] का हेतु मान लिया गया। फिर भी पुस्तक अपवाद रूप में ही ग्रहण किया गया—क्योंकि सभी श्रमण-श्रमणियों की समान धारणा-शक्ति नहीं होती। कुछ अल्पधारणा शक्तिवाले भी होते हैं। उनके लिए पुस्तक रखना उपयोगी था और आज भी उपयोगी है।

लेखन का स्थान मुद्रण ने लिया तो जैनागमों का भी मुद्रण होने लगा और मुद्रण का भी घोर विरोध हुआ।

विरोध करनेवालों ने कहा —

निर्ग्रन्थ प्रवचन के विरोधी मुद्रित प्रतियाँ प्राप्त करके छिद्रान्वेषण करेंगे और यत्र तत्र पारिभाषिक शब्दों का मनमाना अर्थ करके भ्रान्तियाँ पैदा करेंगे। अपवाद विधानों का रहस्य समझे बिना श्रमण संस्कृति का उपहास करेंगे। किन्तु इन तर्कों में कोई तथ्य नहीं है। आगम लेखन काल से कई शताब्दी पूर्व सात निन्हव हो गये थे। ये सब प्रवचन-निन्हव थे। प्रवचन उड्डाह की परिकल्पना भी बहुत पहले हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में प्रकाशन का विरोध करके प्रकाशन से होनेवाले असाधारण लाभ से जन साधारण को वंचित रखना सर्वथा अनुचित है।

## 'आगम-अनुयोग' ग्रन्थराज के प्रकाशन में—
## सांडेराव के स्थानकवासी संघ का महत्वपूर्ण योगदान

सांडेराव ऐतिहासिक नगर[2] है। बांकलीवास नगरके एक मोहल्ले का नाम है, स्थानकवासी जैनों की अधिक संख्या इसी मोहल्ले

---

१ उवगरण संजमो पोत्थएसु असंजमो, वज्जणं तु संजमो। कालं पडुच्च चरण-करणट्ठं अव्वोछित्ति निमित्तं गेण्हंतस्स संजमो भवति॥

२ संडेर गच्छ की उत्पत्ति में इस नगर का संबंध रहा है, ऐसे ऐतिहासिक उल्लेख हैं। यहाँ श्वे० जैनों के ४०० घर हैं, दो जैन मन्दिर हैं, दो जैन स्थानक हैं, राजकीय चिकित्सालय और प्राथमिक शाला है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में है और वे सभी पोरवाल हैं। बड़ेवास में भी स्थानकवासी जैनों के कुछ घर हैं। उनमें कुछ घर ओसवाल हैं और कुछ घर पोरवाल हैं।

## स्वर्गीय स्वामीजी श्री बखतावरमलजी महाराज की श्रामण्य-साधना का केन्द्र—सांडेराव नगर।

आप मेरे स्वर्गीय गुरुदेव श्री प्रताप चन्द्रजी म० सा० के गुरुदेव के गुरुभ्राता थे। आपका आगम ज्ञान एवं आत्मबल प्रसिद्ध था। आपने संविग्न शाखा के अनेक मुनियों व साध्वियों को ज्ञान-दान दिया था। आपके श्रामण्य जीवन की अनेक दिव्य चमत्कारी घटनाएँ वृद्ध पुरुष सुनाया करते हैं। आपका जैन जैनेतर जनतापर समान प्रभाव था। बम्बई क्षेत्र को पावन करनेवाले प्रथम स्थानकवासी श्रमण आप ही थे। पंजाब के नाभा, पटियाला क्षेत्र भी आपके चरण-रज से पावन हुए थे, सारा गोड़वाड़ प्रान्त आपकी प्रमुख विहार-भूमि रहा, आपका स्वर्गवास इसी ऐतिहासिक नगर में हुआ।

सांडेरावमें स्वामीजी महाराज के प्रमुख उपासक—

### १. शा० धनरूपमल जी हीराजी पुनमिया, बडावास,

आपने अपने एक स्व० प्रिय पुत्र की स्मृति में बांकलीवास में विशाल धर्म-स्थानक का निर्माण करवाया, आपके सुपुत्र श्री ज्ञानमलजी और श्री राजमलजी विद्यमान हैं, दोनों भाइयों का धर्म प्रेम व गुरुभक्ति प्रशंसनीय है, एक निजी नोहरे का सार्वजनिक के हित में उपयोग करके दोनों भाई पुण्योपार्जन कर रहे हैं।

### २ शा० पोमाजी दलिचन्दजी, बांकलीवास

आप स्वामीजी महाराज के परम भक्त, सरल स्वाभावी एवं परोपकारी श्रावक थे, आपका बहुत बड़ा परिवार इस समय विद्यमान है, जो चोवटिया परिवार के नाम से प्रसिद्ध है, आपके सारे परिवार की धर्म पर दृढ़ श्रद्धा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. शा, प्रतापजी कपूरजी, बांकलीवास,

आप दृढ़धर्मी एवं विवेकी श्रावक थे, आपके चार पुत्रों में से तीन पुत्र इस समय विद्यमान हैं, बड़े पुत्र, श्री हिम्मतमल जी आपके पहले ही स्वर्गस्थ हो गये, आपके चारों पुत्रों का परिवार धर्मप्रेमी एवं सेवाभावी है।

मेरे श्रमण-जीवन की जन्मभूमि,

आज से तीन युग पूर्व मेरे श्रमण-जीवन का जन्म इसी नगर में चतुर्विध संघ के समक्ष हुआ था, अतः यहाँ के सभी धार्मिक जन मेरे प्रति अगाध स्नेह एवं पूज्य भाव रखते हैं। मेरी शिक्षा-दीक्षा में यहाँ का संघ प्रमुख रहा है।

सार्वजनिक हित के लिए शिक्षण-शाला की स्थापना

स्वर्गीय गुरुदेव श्री के प्रवचनों से प्रभावित होकर संघ ने उदारता दिखाई और राजस्थान शिक्षा विभाग को बहुत बड़ी अर्थराशि अर्पित कर प्राथमिक शाला प्रारम्भ करवाई। कुछ समय से शिक्षकवर्ग को माध्यमिक शाला की आवश्यकता प्रतीत हो रही थी, किन्तु स्थान की कमी थी, इसके लिए स्थानीय जैन दानवीरों ने उदारता दिखाकर चार विशाल कमरे बनवा दिए हैं, इनकी उदारता प्रशंसनीय है।

'आगम अनुयोग' प्रकाशन की स्थापना,

पैंतालीस आगमों को चार अनुयोगों में विभक्त करना और प्रत्येक विषय का अनुयोगानुसार वर्गीकरण करना समय-साध्य एवं श्रमसाध्य रहा, संकलन कार्य में ही कई वर्ष बीत गये। श्रद्धेय कवि श्री तथा पं० दलसुख भाई मालवणिया से दिशा निर्देशन मिला, और धैर्यपूर्वक कार्यरत रहने की प्रेरणा मिली। गणितानुयोग का अनुवाद डा० मोहनसिंहजी महता ने किया, चरणानुयोग का अनुवाद पं० शोभाचन्द्रजी भारिल्ल ने किया, इस प्रकार कुछ कार्य-भार हल्का तो हुआ, किन्तु प्रकाशन पर्यन्त सारा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्तरदायित्व मुझे निभाना था, इसलिए मन हल्का नहीं हो पा रहा था।

चारों अनुयोगों के प्रकाशन का कार्य सामान्य न था-बहुत बड़ी अर्थ-राशि इसके लिए अपेक्षित थी, दो वर्ष पर्यन्त संकलित संग्रह पड़ा रहा। देहली आनेपर धर्मस्नेही सज्जन ताराचन्द प्रतापजी दर्शनार्थ आये, आगम अनुयोग के प्रकाशन के संबंध में विचार-विनिमय हुआ, फलस्वरूप "आगम अनुयोग प्रकाशन" की स्थापना हुई। आपका सहयोग प्रारम्भ से ही था, अनुवाद कार्य भी आपकी ही प्रेरणा से सम्पन्न हुआ था, इसलिए प्रकाशन कार्य सम्पन्न करवाने की आपके मन में बड़ी लगन है, आपके उत्साह को देखकर शा० हिम्मतमल प्रेमचन्दजी, मेघराज जसराजजी, फूलचन्द चुन्नीलाल जी, निहालचन्द कपूरजी आदि ने प्रकाशन व्यय के लिए विपुल वित्तराशि का संग्रह करवाने में तथा प्रकाशन कार्य में पूर्ण सहयोग देने की दृढ़ प्रतिज्ञा की है, आप सब भ० महावीर के प्रवचनों की प्रभावना करनेवाले सज्जन हैं।

## तपस्वी जी श्री गौरीलालजी महाराज का अनुपम सेवाभाव

तपस्वीजी स्व० दिवाकर जी महाराज के प्रशिष्य हैं, और तपस्वी श्री नेमीचन्दजी म० के शिष्य हैं, आपने अतीत में बहुत तपश्चर्या की है। वर्तमान में आप ज्योतिष एवं मंत्र-शास्त्र विशारद वयोवृद्ध स्वामी जी श्री कस्तूरचन्दजी म० के आज्ञानुवर्ती हैं। मेरे साथ आपका तृतीय वर्षावास है, आपके उदार सहयोग से ही मैं इस पुस्तक के तथा आगम अनुयोग ग्रंथराज के संकलनादि कार्यों में संलग्न रह सका हूँ। मेरे जीवन में आपका यह सहयोग चिरस्मरणीय रहेगा, वयोवृद्ध होनेपर भी आपका अप्रमत्त भाव एवं साहस आदरणीय व अनुकरणीय है।

## आगमज्ञ विद्वानों से विनम्र अनुरोध,

अन्त में आगमज्ञ विद्वानों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि वे जैनागम निर्देशिका का आद्योपान्त निरीक्षण करके संशोधनार्थ सूचनाएं भेजें,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राप्त सूचनाओं का उपयोग द्वितीय संस्करण में अवश्य किया जायगा। प्रस्तुत पुस्तक में कई कमियाँ रह गई हैं जिनका अब मैं स्वयं अनुभव कर रहा हूं फिरभी ऐसी कई भूलें हो सकती हैं, जिनकी ओर मेरा ध्यान न गया हो।

ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां ।
जानन्तु ते किमपि तान् प्रति नैष यत्न : ॥

विनम्र श्रुत सेवक
मुनि कन्हैयालाल "कमल"

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समियं ति मन्नमाणस्स-
समिया वा, असमिया वा, समिया होंति उवेहाए
असमियं ति मन्नमाणस्स-
समिया वा, असमिया वा, असमिया होंति उवेहाए.

—आचारांग



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो चरित्तस्स

# चरणानुयोग-प्रधान आचाराङ्ग

| | | |
|---|---|---|
| श्रुतस्कंध | .... | २ |
| अध्ययन | .... | २५ |
| उद्देशक | .... | ८५ |
| चूलिका | ... | ५ |
| पद | ... | १८००० |
| उपलब्ध पाठ | | २५०० श्लोक परिमाण |
| मूलपाठ गद्य-सूत्र संख्या | | ४०१ |
| ,, पद्य गाथा संख्या | | १५४ |

**१ ब्रह्मचर्य श्रुतस्कंध**

| | | |
|---|---|---|
| अध्ययन | .... | ९ |
| महापरिज्ञा अध्ययन लुप्त | | |
| उद्देशक | .... | ५१ |
| सूत्र संख्या | .... | २२२ |
| गाथा संख्या | ... | ११५ |

**२ आचाराग्र श्रुतस्कंध**

| | | |
|---|---|---|
| अध्ययन | ... | १६ |
| उद्देशक | .... | ३४ |
| चूलिका | .... | ४ |
| सूत्र संख्या | .... | १७९ |
| गाथा संख्या | .... | ३९ |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

# जिणपवयणत्थुई

निव्वुइपहसासणयं जयइ सया सव्वभावदेसणयं ।
कुसमयमयनासणयं जिंणिदवरवीरसासणयं ॥

जिणवयणे अणुरत्ता जिणवयणं जे करेंति भावेणं ।
अमला असंकिलिट्ठा ते होंति परित्तसंसारी ॥

बालमरणाणि बहुसो अकाममरणाणि चेव य बहूणि ।
मरिहंति ते वराया जिणवयणं जे न जाणंति ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णमो त्ररित्तस्स

# आचारांग विषय-सूची

## प्रथमश्रुतस्कंध

### प्रथम अध्ययन शस्त्रपरिज्ञा (जीव-संयम)

### प्रथम जीव-अस्तित्व उद्देशक

सूत्राङ्क

| | |
|---|---|
| १ | उत्थानिका |
| २ | पूर्वभव के स्थान का अज्ञान |
| ३ | पूर्वभव और परभव का अज्ञान |
| ४ | पूर्वभव और परभव जानने के हेतु |
| ५ | आत्मवादी आदि |
| ६-१२ | कर्मबंध परिज्ञा |
| १३ | कर्मबंध परिज्ञा वाला ही मुनि है |

सूत्र संख्या १३

### द्वितीय पृथ्वीकाय उद्देशक

### अहिंसा

| | | | |
|---|---|---|---|
| १४ | | पृथ्वीकाय | के हिंसक |
| १५ | क- | ,, | में जीवों का अस्तित्व |
| | ख- | ,, | की हिंसा से विरत मुनि |
| | ग- | ,, | की हिंसा से अविरत-द्रव्यलिंगी |
| १६ | क- | ,, | की हिंसा |
| | ख- | ,, | ,, ,, के हेतु |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७ क- पृथ्वीकाय की हिंसा का फल
ख- ,, ,, के फल का ज्ञाता
ग- ,, का हिंसक अन्य अनेक जीवों का हिंसक
घ- ,, की वेदना—अंधे का उदाहरण
ङ- ,, ,, ,, मूर्छित का उदाहरण
च- ,, के हिंसक को वेदना का अज्ञान
१८ क- ,, के अहिंसक को वेदना का ज्ञान
ख- ,, की हिंसा से विरत होने का उपदेश
ग- ,, की परिज्ञा वाला ही मुनि होता है

सूत्र संख्या ९

## तृतीय अप्काय उद्देशक

## अहिंसा

अप्काय परिज्ञा

१९ माया न करने वाला ही अनगार है
२० श्रद्धा—संयम
२१ श्रद्धा से मुक्ति
२२ संयम
२३ अप्काय में जीवों का अस्तित्व
२४ क- अप्कायिक हिंसा से विरत मुनि
ख- ,, ,, अविरत द्रव्यलिंगी
ग- ,, ,, की परीक्षा
घ- ,, ,, के हेतु
ङ- ,, ,, का फल
च- ,, ,, के फल का ज्ञाता
छ- जीवोंका हिंसक अन्य अनेक जीवों का हिंसक
ज- अप्काय के आश्रित अनेक जीव
२५ अप्कायिक जीवों का स्वरूप

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६ अप्काय के शस्त्र
२७ अप्कायिक हिंसा से अदत्तादान
२८ अप्काय के सम्बन्ध में अन्य मान्यताएँ
२९ ,, हिंसक
३० ,, संबंध में अनिश्चित मत
३१ क ,, हिंसक को वेदना का अज्ञान
ख ,, अहिंसक को वेदना का ज्ञान
ग ,, की हिंसा से विरत होने का उपदेश
घ ,, परिज्ञा वाला ही मुनि है

---

सूत्र संख्या १३

## चतुर्थ अग्निकाय उद्देशक

## अहिंसा

३२ क तेजस्काय परिज्ञा
ख अग्निकायिक जीवों का अस्तित्व
३३ ,, ,, की वेदना के ज्ञाता
३४ ,, ,, ,, प्रत्यक्षदर्शी
३५ अग्निकाय के हिंसक
३६ ,, की हिंसा न करने की प्रतिज्ञा
३७ क ,, हिंसा से विरत मुनि
ख ,, ,, अविरत द्रव्यलिंगी
ग ,, हिंसा की परिज्ञा
घ ,, ,, के हेतु
ङ ,, ,, का फल
च ,, ,, के फल का ज्ञाता
छ ,, का हिंसक अन्य अनेक जीवों का हिंसक
३८ ,, से परितप्त प्राणी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९ क अग्निकाय के हिंसक को वेदना का अज्ञान
ख ,, के अहिंसक को वेदना का ज्ञान
ग ,, की हिंसा से विरत होने का उपदेश
घ ,, की परिज्ञा वाला ही मुनि है

सूत्र संख्या ८

## पंचम वनस्पतिकाय उद्देशक

४० अनगार लक्षण
४१ विषय-संसार
४२ संसार का स्वरूप
४३ विषयी आराधक नहीं
४४-४५ प्रमत्त

### अहिंसा

वनस्पतिकाय परिज्ञा

४६ क वनस्पतिकायिक जीवों की हिंसा से विरत मुनि
ख ,, ,, हिंसा से अविरत द्रव्यलिंगी
ग वनस्पतिकायिक हिंसा की परिज्ञा
घ ,, हिंसा के हेतु
ङ ,, हिंसा का फल
च ,, हिंसा के फल का ज्ञाता
छ वनस्पतिकायका हिंसक अन्य अनेक जीवों का हिंसक
४७ मानव शरीर से वनस्पतिकाय की तुलना
४८ क वनस्पतिकाय के हिंसक को वेदना का अज्ञान
ख ,, ,, अहिंसक को वेदना का ज्ञान
ग ,, की हिंसा से विरत होने का उपदेश
घ , ,, परिज्ञा वाला ही मुनि है

सूत्र संख्या ९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

## षष्ठ त्रसकाय उद्देशक

## त्रसकाय परिज्ञा

## अहिंसा

४९-५० विविध त्रसजीव
५१ क प्राण, भूत, जीव और सत्व के विभिन्न सुख-दुख
ख त्रसजीवों का लक्षण
५२ क त्रसकायिक हिंसा के प्रयोजन
ख पृथ्वीकायादि के आश्रित त्रसकायिक जीव
५३ क त्रसकायिक हिंसा से विरत मुनि
ख ,, ,, अविरत द्रव्यलिंगी
ग ,, ,, की परिज्ञा
घ ,, ,, के हेतु
ङ ,, ,, का फल
च ,, ,, के फल का ज्ञान
छ त्रसकाय का हिंसक अन्य अनेक जीवों का हिंसक
५४ ,, की हिंसा के विभिन्न प्रयोजन
५५ क त्रसकाय के हिंसक को वेदना का अज्ञान
ख ,, अहिंसक को वेदना का ज्ञान
ग ,, की हिंसा से विरत होने का उपदेश
घ ,, परिज्ञा वाला ही मुनि है

सूत्र संख्या ७

## सप्तम वायुकाय उद्देशक

## अहिंसा

## वायुकाय परिज्ञा

५६-५७ क वायुकायिक हिंसा से निवृत्त होने में समर्थ व्यक्ति
ख आत्म-समत्व

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| ५८ | | वायुकाय का अहिंसक संयमी |
| ५९ | क | वायुकायिक हिंसा से विरत मुनि |
| | ख | ,, ,, अविरत द्रव्यलिंगी |
| | ग | ,, हिंसा की परिज्ञा |
| | घ | ,, हिंसा के हेतु |
| | ङ | ,, ,, का फल |
| | च | ,, ,, के फल का ज्ञाता |
| | छ | वायुकाय का हिंसक अन्य अनेक जीवों का हिंसक |
| ६० | क | ,, से संपातिम जीवों का संहार |
| | ख | ,, के हिंसक को वेदना का अज्ञान |
| | ग | ,, के अहिंसक को वेदना का ज्ञान |
| | घ | ,, की हिंसा से विरत होने का उपदेश |
| | ङ | ,, की परिज्ञा वाला ही मुनि है |
| ६१ | | ,, के हिंसक के प्रचुर कर्मबंध |
| ६२ | क | सम्यक्त्वी का लक्षण |
| | ख | छह कायकी हिंसा का सर्वथा त्यागी ही मुनि है |

सूत्र संख्या ७

## द्वितीय अध्ययन लोकविजय

### प्रथम स्वजन उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| ६३ | क | संसार के मूल कारण |
| | ख | विषयी जीव |
| ६४ | | विवेक हीन |
| ६५ | | अशरण भावना |
| ६६ | | अप्रमाद का उपदेश (अनित्य भावना) |
| ६७ | | परिग्रह (अशरण भावना) |
| ६८ | | ,, ,, |
| ६९-७२ | | आत्मोपदेश |

सूत्र संख्या १०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

## द्वितीय अदृढ़ता उद्देशक


७३ मुक्ति

७४ द्रव्यलिंगी

७५-७६ अममत्व

७७ क अहिंसा (हिंसा के सर्वथा परित्याग का उपदेश)

ख मुक्तिमार्ग


सूत्र संख्या ५

## तृतीय मदनिषेध उद्देशक


७८ गोत्रमद निषेध

७९ भाषा विवेक, प्रमत्त

८० विषयी की विपरीत प्ररूपणा

८१ क संयम-उपदेश

ख मृत्यु

ग जीवन } स

घ सुख-दुख } म

ङ वध-जीवन } त्व

च असंयमी

छ संपत्ति मोह

ज परतीर्थिक-पार्श्वस्थ

८२ बालजीव


सूत्र संख्या ५

## चतुर्थ भोगासक्ति उद्देशक


८३ क भोग से रोग

ख अशरण भावना

ग एकत्व


Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घ भोगासक्ति
८४ सम्पत्ति-मोह
८५ क भोग विरक्ति
ख परिग्रह की निःसारता
ग स्त्री-मोह
घ अविवेक
ङ अप्रमाद, स्त्री से सावधान
८६ क कामेच्छा भयंकर है
ख अहिंसा
ग संयम का पालन
घ आहार

---

सूत्र संख्या ४

## पंचम लोकनिश्रा उद्देशक

८७ आहार
८८ क ,,
ख संयम
८९ क क्रय-विक्रय
ख मोक्षमार्ग
९० क ,,
ख वस्त्र
९१ क आहार का परिमाण
ख आहार मिलने पर न हर्ष, न मिलने पर न शोक
ग आहार-संग्रह का निषेध
९२ क अपरिग्रह
ख आर्योक्त मार्ग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| ९३ | क | कामभोग |
| | ख | आयु |
| | ग | कामी-व्यक्ति |
| ९४ | क | सर्वज्ञ |
| | ख | विषयगृद्ध |
| | ग | ,, |
| | घ | मुक्ति |
| | ङ | पंडित |
| ९५ | क | ,, |
| | ख | आश्रव |
| | ग | आसक्ति |
| ९६ | | सावद्य चिकित्सा का निषेध |

सूत्र संख्या-१०

## षष्ठ अममत्व उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| ९७ | | अहिंसक |
| ९८ | क | हिंसक |
| | ख | असंयत वक्ता |
| | ग | प्रमत्त श्रमण |
| | घ | परिज्ञा कर्मोपशमन |
| ९९ | क | मुनि-अममत्व |
| | ख | लोकसंज्ञा |
| | ग | रति-अरति |
| १०० | क | लौकिक सुखों का निषेध |
| | ख | मुक्ति |
| | ग | रुक्ष-शुष्क आहार |
| १०१ | क | सुवसु-दुर्वसु मुनि |

Jain Education International     For Private & Personal Use Only     www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| | ख | लोक-संयोग का त्याग-मोक्षमार्ग |
| १०२ | क | दुःख परिज्ञा |
| | ख | कर्म |
| | ग | परमार्थ |
| | घ | उपदेश (समभाव) |
| १०३ | क | धर्मोपदेश |
| | ख | धर्मोपदेशक |
| | ग | अरिहंत |
| १०४ | क | आचीर्ण |
| | ख | हिंसा, लोकसंज्ञा का परित्याग |
| १०५ | क | उपदेश |
| | ख | बालजीव |

---

सूत्र संख्या-६

## तृतीय शीतोष्णीय अध्ययन

## प्रथम भावसुप्त उद्देशक

१०६ भावनिद्रा-भाव जागरण (अमुनि मुनि)

| | | |
|---|---|---|
| १०७ | क | अज्ञान |
| | ख | अहिंसा |
| | ग | " |
| १०८ | क | आत्मज्ञ आदि (मुनि) |
| | ख | संसार के कारण राग-द्वेष |
| १०९ | क | शीत-उष्ण परीषह |
| | ख | वैर (भाव जागृत) |
| | ग | जरा-मृत्यु (धर्म) |
| ११० | क | संयम (अप्रमत्त) |
| | ख | मत्तप्राणी |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग- दुःख का कारण-आरम्भ
घ- जन्म मरण (मायावी-प्रमादी)
ङ- उपेक्षाभाव
च- अप्रमत्त-खेदज्ञ
छ- संयम (शस्त्रज्ञ)
ज- कर्ममुक्त आत्मा
झ- कर्म-उपाधि
ञ- कर्म (जागृति)
१११ क- ,, (हिंसा)
ख- ,, (राग-द्वेष)
ग- लोकसंज्ञा का त्याग

सूत्र संख्या ६

## द्वितीय दुःखानुभव उद्देशक

११२ क- जन्म-जरा
ख- ममत्व
ग- सम्यग्दर्शी (पाप निषेध)
घ- स्नेहपाश
ङ- जन्म-मरण
च- बाल
छ- आतंकदर्शी
ज- कर्म
झ- मुक्त मुनि
ञ- भय (मुनि)
ट- परमदर्शी
ठ- कर्म
११३ क- सत्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ख- उपरत मेधावी-कर्मक्षय

११४ क- परिग्रह

ख- हिंसा (चलनी को पानी से भरने का उदाहरण)

११५ क- मृषावाद-निषेध

ख- असार भोग

ग- जन्म-मरण

घ- अहिंसा

ङ- भोग निन्दा (स्त्री-विरति)

च- सम्यक्त्व

छ- कषाय-विजय (हिंसा)

ज- शोक

झ- परिग्रह और शोक का त्याग

ञ- अहिंसा का उपदेश

सूत्र संख्या ४

## तृतीय अक्रिया उद्देशक

११६ क- अप्रमाद का उपदेश

ख- अहिंसा (ममत्व)

ग- विचिकित्सा (मुनि)

११७ क- समभाव

ख- अप्रमाद

ग- आत्मगुप्त

घ- यावन्मात्रा

ङ- रूप-विरक्ति

च- गति-आगति

११८ क- अन्य तीर्थियों की मान्यताएँ

१ पूर्वभव की विस्मृति और परभव की कोई संभावना नहीं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२ जीवका अतीत और भविष्य अचिन्त्य है।
३ जीव का अतीत और भविष्य समान है।
४ सर्वज्ञ का मत
ख- अनासक्ति
ग- संयम-कच्छप का उदाहरण
घ- आत्मा की मित्रता
११९ क- मोक्ष
ख- आत्मदान
ग- सत्य (मार-संसार)
घ- श्रेय-मोक्ष
१२० प्रमाद
१२१ क- दुःख
ख- प्रपंचमुक्त मुनि

**सूत्र संख्या ६**

## चतुर्थ कषाय-वमन उद्देशक

१२२ कषाय-वमन
१२३ ज्ञान (अणु-संसार)
१२४ क- प्रमत्त को भय, अप्रमत्त को अभय
ख- कर्म (मोह) क्षय-उपशम
ग- मोक्ष (लोक-संयोग)
घ- संयम मोक्ष-महायान
१२५ क- कर्म (एक का क्षय होने पर सबका क्षय)
ख- आज्ञा
ग- लोक ज्ञान (आज्ञा)
घ- हिंसा (शस्त्र-संयम)
१२६ क- कषाय का ज्ञान
ख- कर्म-उपाधि (सर्वज्ञ)

**सूत्र संख्या ५**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

## चतुर्थ सम्यक्त्व अध्ययन

### प्रथम सम्यक्वाद उद्देशक

१२७ अहिंसा धर्म सत्यधर्म है

१२८ क- धर्म में दृढ़ता

ख- निर्वेद (वैराग्य)

ग- लोकैषणा-निषेध

१२९ क- ,,

ख- धर्मोपदेश

ग- भोगी का जन्म-मरण

१३० क- रत्न-त्रय की आराधना

ख- अप्रमाद का उपदेश

सूत्र संख्या ४

### द्वितीय धर्मप्रवादी परीक्षा उद्देशक

१३१ क- कर्मबन्ध एवं कर्मक्षय के हेतुओं में समानता

ख- श्रावक---संवर

१३२ क- धर्म में अप्रमाद

ख- मृत्यु अवश्यंभावी है

ग- जन्म-मरण

१३३ क- ,, ,, नरक में

ख- कर्म-वेदना

ग- श्रुतकेवली और केवली का समान कथन

१३४ अहिंसा की परिभाषा

सूत्र संख्या ४

### तृतीय अनवद्य तप उद्देशक

१३५ क- उपेक्षा-भाव वाला विज्ञ है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ख अहिंसा
ग दुःख-परिज्ञा
१३६ क आज्ञा-पंडित
ख समाधि—जीर्णकाष्ठ का उदाहरण
१३७ क दुःख क्रोधमूलक है
ख अनिदान (पापकर्मों से निवृत्ति)

सूत्र संख्या ३

## चतुर्थ संक्षेप वचन उद्देशक

१३८ क संयम-तपश्चर्या में वृद्धि
ख वीरमार्ग
ग तप से कृशता
घ ब्रह्मचर्य
१३९ बाल-मोहान्ध
१४० क सम्यक्त्व
ख बुद्ध (आरम्भ से उपरत)
ग निष्कर्मदर्शी (आरम्भ से उपरत)
घ वेदवित् (कर्मबन्ध से निवृत्ति)
१४१ क सत्य
ख सर्वज्ञ को कोई उपाधि नहीं

सूत्र संख्या ४

## पंचम लोकसार[1] अध्ययन

## प्रथम एकचर उद्देशक

१४२ क हिंसा (अर्थ-अनर्थ) हिंसक की गति
ख विषयेच्छा का त्याग अति कठिन

१. इस अध्ययन का दूसरा नाम "अवन्ति" है। अध्ययनादावावन्तीशब्दस्योच्चारणाद्"—आचा० टीका,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| १४३ | क | मोह, बाल-जीव, कुशाग्र बिन्दु का उदाहरण |
| | ख | मोह से जन्म-मरण |
| १४४ | | संशय से संसार का ज्ञान |
| १४५ | क | ब्रह्मचर्य |
| | ख | भोग दुःख का हेतु |
| १४६ | क | आसक्ति से नरक |
| | ख | हिंसा, हिंसक का जन्म-मरण |
| | ग | बाल-जीव |
| | घ | एक चर्या |
| | ङ | अविद्या से मोक्ष मानने वाले |

सूत्र संख्या ४

## द्वितीय विरत मुनि उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| १४७ | क | निर्दोष आहार |
| | ख | अप्रमाद |
| | ग | विभिन्न प्रकार का दुःख |
| १४८ | | नश्वर शरीर |
| १४९ | | रत्नत्रय की आराधना |
| १५० | | परिग्रह-महाभय है |
| १५१ | क | अपरिग्रह |
| | ख | परम चक्षु के लिए प्रयत्न |
| | ग | ब्रह्मचर्य |
| | घ | अप्रमत्त होने का उपदेश |

सूत्र संख्या ५

## तृतीय अपरिग्रह उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| १५२ | क | अपरिग्रह |
| | ख | समता धर्म |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| | ग | वीर्य— आत्म-शक्ति |
| १५३ | | संयम के चार भांगे |
| १५४ | | शील आराधना |
| १५५ | क | आत्मदमन (बाह्य शत्रु आत्म-शत्रु) |
| | ख | परिज्ञा |
| | ग | रूप-आसक्ति (हिंसा) |
| | घ | मुनि |
| | ङ | अहिंसा (कर्म) |
| | च | समत्व |
| | छ | अहिंसा |
| | ज | अनासक्त (स्त्री से विरक्ति) |
| १५६ | क | वसुमान् (तपोधन) |
| | ख | सम्यक्त्व |
| | ग | मुनिधर्म, विरति |
| | घ | सम्यक्त्व (रूक्ष आहार) |
| | ङ | मुनि संसार-समुद्र उत्तीर्ण है |

सूत्र संख्या ५

## चतुर्थ अव्यक्त उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| १५७ | | अव्यक्त (अगीतार्थ) एकल विहारी |
| १५८ | क | हित-शिक्षा देने पर कुपित |
| | ख | महामोह |
| | ग | कुशल दर्शन, भ० का आशिर्वाद, बाधा न हो |
| | घ | अहिंसा |
| १५९ | क | कर्म (इस भव में भोगने योग्य और प्रायश्चित्त से शुद्ध होने योग्य कर्म) |
| | ख | अप्रमाद |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१६० क कर्मक्षय के लिये प्रयत्न
ख स्त्री के संसर्ग का निषेध
ग स्त्री से विरक्त होने के उपाय
घ स्त्री-सुख से पूर्व या पश्चात् कष्ट अवश्यम्भावी है
ङ युद्ध का निमित्त—स्त्री
च स्त्री-कथा, स्त्री-दर्शन तथा ममत्व, स्वागत, बातचीत एवं स्त्री की अभिलाषा का निषेध
छ मुनिधर्म

सूत्र संख्या ४

## पंचम ह्रदोपम उद्देशक

१६१ क आचार्य को जलाशय की उपमा
ख " के समान श्रमण
१६२ क विचिकित्सा (असमाधि)
ख आचार्य का अनुसरण न करने पर खेद
१६३ जो जिन-प्रवेदित है वह सत्य है
१६४ क श्रद्धा के चार भांगे
ख सम्यक्त्वी का चिन्तन-सम्यक् परिणमन
ग मिथ्यात्वी का चिंतन-असम्यक् परिणमन
घ सम्यक् चिंतन से कर्मक्षय
ङ बाल-भाव का निषेध
१६५ अहिंसा का मनोविज्ञान
१६६ क आत्मा विज्ञानात्मा
ख ज्ञान और आत्मा अभिन्न है

सूत्र संख्या ६

## षष्ठ उन्मार्ग वर्जन उद्देशक

१६७ क आज्ञा-धर्म

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| | ख | गुरु के तत्त्वावधान में रहना |
| १६८ | क | तत्त्वदर्शन |
| | ख | जिनाज्ञा की आराधना |
| | ग | प्रवाद-परीक्षा |
| | घ | वस्तु स्वरूप का बोध |
| १६९ | क | स्वसिद्धान्त और परसिद्धान्त का ज्ञान |
| | ख | गुप्तात्मा संयमी |
| | ग | अप्रमाद |
| १७० | क | सर्वत्र आश्रव |
| | ख | अकर्मा होने के लिये प्रयत्न |
| | ग | कर्म-चक्र |
| १७१ | क | गति-आगति |
| | ख | मोक्षसुख |
| १७२ | | मुक्तात्मा का स्वरूप |

सूत्र संख्या ६

## षष्ठ धूत अध्ययन

## प्रथम स्वजन विधूनन उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| १७३ | क | उपदेश |
| | ख | मुक्तिमार्ग का कथन |
| | ग | संक्लिष्ट व्यक्ति |
| | घ | कमलाच्छादित जलाशय और कूर्म का उदाहरण |
| | ङ | वृक्ष का उदाहरण |
| | च | सोलह रोग |
| | छ | जन्म-मरण का अन्त |
| १७४ | क | दुःख (मोहान्ध) |
| | ख | हिंसा |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१७५ क दुःख
ख सावद्य चिकित्सा का निषेध
१७६ क धूतवाद
ख अनेक मुनि हुए
१७७ क दीक्षा
ख अशरण भावना

सूत्र संख्या ५

## द्वितीय कर्म विधूनन उद्देशक

१७८ कुशील
१७९ ,,
१८० महामुनि
१८१ क सम्यक् दृष्टि
ख नग्न
ग आज्ञाधर्म
घ संयम
ङ एकचर्या—निर्दोष आहार, परीषह सहना

सूत्र संख्या ४

## तृतीय उपकरण-शरीर विधूनन उद्देशक

१८२ अचेल परीषह
१८३ क प्रज्ञा का प्रभाव (कृश शरीर)
ख कषाय मुक्त
१८४ क अरति
ख धर्म को द्वीप की उपमा
ग मुनि (पंडित)
घ पक्षीशिशु (शावक) की तरह शिष्य का पालन और शिक्षण

सूत्र संख्या ३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

## चतुर्थ गौरवत्रिक विधूनन उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| १८५ | | कुशिष्य |
| १८६ | | बाल |
| १८७ | | पाप-श्रमण का जन्म-मरण |
| १८८ | | कुशिष्य |
| १८९ | क | धर्मानुशासन |
| | ख | आज्ञा विराधक हिंसक है |
| १९० | क | पाप-श्रमण |
| | ख | संयमोपदेश |

सूत्र संख्या ६

## पंचम उपसर्ग-सन्मान विधूनन उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| १९१ | क | उपसर्ग-सहन |
| | ख | धर्मोपदेश |
| १९२ | क | धर्मोपदेशक (श्रोता की अवज्ञा न करे) |
| | ख | मुनि को द्वीप की उपमा |
| | ग | भिक्षु की संयम साधना |
| | घ | सम्यग्दर्शी |
| | ङ | परिग्रह |
| | च | भिक्षु |
| | छ | कषाय विजय |
| १९३ | क | मरण (आत्म शत्रुओं के साथ आत्मा का संग्राम) |
| | ख | पारगामी मुनि (पादपोपगमन) |

सूत्र संख्या ३

Jain Education International        For Private & Personal Use Only        www.jainelibrary.org

## सप्तम महा परिज्ञा अध्ययन[1]

## अष्टम विमोक्ष अध्ययन

### प्रथम असमनोज्ञ विमोक्ष उद्देशक

१९४ भिक्षु का व्यवहार
१९५ ,, ,,
१९६ क ,, ,,
ख अन्य तीर्थिक
ग अन्य तैर्थिकों का कथन अहेतुक है
१९७ क आशुप्रज्ञ मुनि
ख गुप्ति (वचनगुप्ति)
ग धर्म (ग्रामवास और अरण्य)
घ महाव्रत[2] (तीन याम)
ङ पापकर्मों से निवृत्ति
१९८ दण्ड-हिंसा (औद्देशिक हिंसा)

### द्वितीय अकल्पनीय विमोक्ष उद्देशक

१९९ औद्देशिक आदि छ दोष सहित आहार, वस्त्र, पात्र, वसति ग्रहण करने का निषेध
२०० औद्देशिक आदि दोष जानने के हेतु
२०१ उपसर्ग सहन (मौन विधान)
२०२ असमनोज्ञ को आहारादि देने का निषेध

---

१. (क) यह अध्ययन अनुपलब्ध है.
(ख) समवायांग टीका में यह आचारांग का आठवां अध्ययन माना गया है.
(ग) आचारांग निर्युक्ति में इस अध्ययन के ८ उद्देशक कहे गये हैं किन्तु समवायांग टीका में ७ उद्देशक कहे गये हैं.

२. आचारांग टीका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२०३ समनोज्ञ को आहारादि देने का विधान

सूत्र संख्या १०

## तृतीय अंग चेष्टा भाषित उद्देशक

२०४ क दीक्षा (मध्यम वय में)
ख समता
ग अपरिग्रही
घ अग्रंथ (निर्ग्रंथ)
ङ एक चर्या

आ. श्रीकैलाससागरसूरि ज्ञानमन्दिर
श्रीमहावीर जैन आराधना केन्द्र
कोबा (गांधीनगर) पि ३८२००९

२०५ क आहार से शरीरोपचय (परीषह से शरीर क्षय)
ख इन्द्रियों की क्षीणता
२०६ क दया (श्रमण)
ख भिक्षु के लक्षण
२०७ क शीत से कम्पित भिक्षुओंको देखकर गृहस्थ की आशंका
ख भिक्षु का यथार्थ कथन, अग्नि से तपने का निषेध

सूत्र संख्या ४

## चतुर्थ वेहानसादि मरण उद्देशक

२०८ क तीन वस्त्र और एक पात्रधारी श्रमण का आचार
ख चौथा वस्त्र लेने का संकल्प न करे
ग तीन वस्त्र न हो तो निर्दोष वस्त्र ले
घ जैसे वस्त्र मिले वैसे ले
ङ वस्त्रों को धोए अथवा रंगे नहीं
च धोए हुए या रंगे हुवे वस्त्र पहने नहीं
छ अन्य ग्राम जाते समय वस्त्र पिछावे नहीं
२०९ क ग्रीष्म ऋतु आने पर जीर्णवस्त्र डालदे (परठदे)
ख आवश्यकता हो तो अल्प वस्त्र रखे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

| | | |
|---|---|---|
| | ग | अचेलक बने |
| २१० | क | उपकरण लाघव तपश्चर्या है |
| | ख | सचेल-अचेल अवस्थामें समत्व रखे |
| २११ | | असह्य शीतादिका उपसर्ग होनेपर वैहानस-मरण मरे |

सूत्र संख्या ४

## पंचम ग्लान-भक्त-परिज्ञा उद्देशक

| | | |
|---|---|---|
| २१२ | क | दो वस्त्र और एक पात्रधारी श्रमण का आचार |
| | ख | पूर्वोक्त सूत्र के समान |
| २१३ | क | अस्वस्थ एवं अशक्त होनेपर भी अभिहृत आहारादि न ले |
| | ख | वैयावृत्य का अभिग्रह |
| | ग | वैयावृत्य (सेवा) के चार भांगे |
| | घ | मरणपर्यंत अभिग्रह का दृढ़ता से पालन करे |

सूत्र संख्या २

## षष्ठ एकत्व भावना इंगित मरण उद्देशक

| | |
|---|---|
| २१४ | एक वस्त्र और एकपात्रधारी श्रमण का आचार |
| २१५ | पूर्वोक्त सूत्र २१० के समान |
| २१६ | अस्वादव्रत-तप |
| २१७ | अस्वस्थ एवं अति अशक्त होने पर "इंगित मरण" से मरण |
| २१८ | "इंगित मरण" का महत्व |

सूत्र संख्या ५

## सप्तम पडिमा पादपोपगमन उद्देशक

| | |
|---|---|
| २१९ | अचेल परीषह और लज्जा परीषह न सहसके तो एक कटी-वस्त्र लेने का विधान |
| २२० | अचेल-तप |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२२१ वैयावृत्य के चारभांगे
२२२ पादपोपगमन मरण की विधि

सूत्र संख्या ४

## अष्टम भक्त, इंगित, पादपोपगमन मरण उद्देशक

गाथा १-२५ भक्त परिज्ञा, इंगित और पादपोपमरण की विधि

## नवम उपधान श्रुत अध्ययन

गाथांक प्रथम चर्या उद्देशक

१ दीक्षा के अनन्तर भ० महावीर का हेमन्त ऋतु में विहार
२ भ० महावीर का देवदूष्यवस्त्र-धारण पूर्व तीर्थंकरों का अनुसरण मात्र था
३ भ० महावीर को चार मास पर्यन्त भ्रमर आदि जन्तुओं का उपसर्ग रहा
४ भ० के स्कंध पर तेरह मास देवदूष्य वस्त्र रहा, पश्चात् वे अचेलक हो गये
५ भ० महावीर को आक्रोश परीषह एवं वध परीषह हुवा
६ भ० महावीर को स्त्रियों के द्वारा अनेक उपसर्ग हुए
७-१० भ० महावीर का मौन विहार
११ भ० महावीर ने दो वर्ष पूर्व ही सचित्त का त्याग कर दिया था
१२ भ० महावीर ने छ काय के आरंभ का परित्याग कर दिया था
१३ भ० महावीर द्वारा पुनर्जन्म का प्ररूपण
१४-१६ ,, ,, ,, कर्म सिद्धान्त का प्रतिपादन
१७ ,, ,, ,, अहिंसा का आचरण और अब्रह्मका परित्याग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भ० महावीर द्वारा पुनर्जन्म का प्ररूपण
१८ ,, ,, ,, आधाकर्म आहार का त्याग
१९ ,, ,, ,, पर (गृहस्थ) के वस्त्र और पर (गृहस्थ) के पात्रका त्याग
२० ,, ,, ,, परिमित आहार ग्रहण एवं खाज खुजलाने का त्याग
२१ ,, ,, ,, की इर्या (विहार-विधि)
२२ ,, ,, ,, द्वारा तेरह मास पश्चात् देव-दूष्य वस्त्र का परित्याग
२३ उपसंहार

## द्वितीय शय्या उद्देशक

गाथांक

१- ३ भ० महावीर का विविध वसतियों में विहार
४ ,, ,, की तेरह वर्ष पर्यंत साधना
५- ६ ,, ,, के निद्रात्याग
७ ,, ,, के सर्पादि का उपसर्ग
८-१४ ,, ,, को चोर-जार आदि पुरुषों द्वारा उपसर्ग
१५ ,, ,, का शीत परीषह सहन करना
१६ उपसंहार

## तृतीय परीषह उद्देशक

गाथांक

१ भ० महावीर के तृणस्पर्श आदि परीषह
२ ,, ,, का लाट देश के वज्रभूमि और शुभ्रभूमि में विहार
३-१३ ,, ,, के (लाट देश में) उपसर्ग, भगवान को युद्ध के मोर्चेपर स्थित हाथी की उपमा, (दुष्टजनों को कंटक की उपमा, ग्राम-कंटक)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४ उपसंहार

## चतुर्थ आतङ्कित उद्देशक

| गाथांक | भ० महावीर की तपश्चर्या |
|---|---|
| १-२ | भ० महावीर की मिताहार करने की प्रतिज्ञा और रोगों-की चिकित्सा न करवाने की प्रतिज्ञा |
| ३ | भ० महावीर का अल्पभाषण |
| ४ | ,, ,, की शीत और ग्रीष्म ऋतु में ध्यान साधना |
| ५ | ,, ,, ने आठ मास तक निरस अन्न ग्रहण किया था |
| ६-७ | ,, ,, के विविध प्रकार के तप |
| ८ | ,, ,, का त्रिकरण से पापकर्म-परित्याग |
| ९-१३ | ,, ,, की पिण्डैषणा |
| १४ | ,, ,, के ध्यानासन |
| १५-१६ | ,, ,, का अप्रमत्त जीवन |
| १७ | उपसंहार |

# द्वितीय श्रुतस्कंध

### प्रथमा चूलिका

## प्रथम पिण्डैषणा अध्ययन

## प्रथम उद्देशक

| सूत्रांक | | |
|---|---|---|
| १ | क | सचित मिश्रित आहार लेने का निषेध |
| | ख | असावधानी से लेने पर निरवद्य भूमि में डालने (परठने) का विधान |
| २ | क | सजीव (अप्रासुक) फलियों के लेने का निषेध |
| | ख | निर्जीव (प्रासुक) ” ” विधान |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३ क अपक्व या अर्धपक्व शालि आदि के लेने का निषेध
ख अनेक वार पक्व या तीन वार पक्व " विधान
४ क भिक्षा समय की प्रवेश विधि
ख शौचभूमि में ,, ,,
ग स्वाध्याय भूमि में ,, ,,
घ ग्रामानुग्राम विहार की विधि
५ क भिक्षु अथवा भिक्षुणी अन्यतीर्थिक को और गृहस्थ को आहार न दे और न दिलाए
ख पारिहारिक-अपारिहारिक को आहार न दे और न दिलाए
६ क एक स्वधर्मी के निमित्त बने हुए (औद्देशिक) आहार लेने का निषेध
